आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 12.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से आगामी रक्षा बंधन के लिए स्थानीय स्तर पर बनी राखियों और अन्य उत्पाद खरीदने का आह्वान किया।
- केंद्र सरकार ने कहा ——हथकरघा और हस्तशिल्प की घरेलू बिक्री और निर्यात बढ़ाने के लिए कई पहल की जा रही हैं।
- सावन के आखिरी सोमवार के दिन आज प्रदेश के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।
- मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, चमोली और बागेश्वर जिले में कल भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

.........

शुभारम्भ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना और मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के तहत महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। राज्य की महिलाएं समूहों के माध्यम से बहुत बेहतर उत्पाद बना रही है। समूहों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि रक्षा बंधन से स्वयं सहायता समूह द्वारा राखियां बनाई जा रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के लिए उन्हें सुविधा अनुसार मंच उपलब्ध

कराया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आगामी रक्षा बंधन के लिए स्थानीय स्तर पर बनी राखियों और अन्य उत्पाद खरीदने का आह्वान किया।

हैंडलूम एक्सपो

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हथकरघा और हस्तशिल्प की घरेलू बिक्री और निर्यात बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं। नई दिल्ली में हैंडलूम एक्सपो का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि अब हथकरघा कारीगरों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि वे नए डिजाइन पेश कर सकें। श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में 35 लाख से अधिक परिवार काम कर रहे हैं।हर घर तिरंगा अभियान के तहत उन्होंने कारीगरों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए और सभी से इस अभियान में भाग लेने की अपील की।

हर घर तिरंगा

प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से इस अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि तिरंगा यात्रा देशभक्ति और एकता का प्रतीक है। आजादी दिलाने वाले बलिदानियों को नमन करने के लिए तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई है।

खेल मंत्री ने आजे 'हर घर तिरंगा अभियान के तहत देहरादून के गांधी पार्क से परेड मैदान तक भव्य तिंरगा यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने यात्रा के शुभारंभ से पहले महात्मा गांधी और शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और श्रद्धासुमन अर्पित किए। तिरंगा यात्रा में खेल व युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, पीआरडी स्वयंसेवक और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय के उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम आयोजन

इधर, चंपावत में आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के विभिन्न हिस्सों में रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं और तिरंगा शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्याालय लोहाघाट और राजकीय कन्या इंटर कालेज चम्पावत के छात्र–छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली। मुख्य विकास अधिकारी एस के सिह बताया कि जिले में आज से 15 अगस्त तक  हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिलास्तर से गांव स्तर तक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

आमंत्रण

78वें स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह में उत्तराखंड में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को 'विशेष अतिथि' के रूप में आमंत्रित किया गया है। राज्य से 110 लोग नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस में समारोह में हिस्सा लेंगे।

सावन सोमवार

आज सावन के आखिरी सोमवार को प्रदेश भर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की। हरिद्वार, देवप्रयाग, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, समेत अन्य नदी तटों पर स्नान के बाद जल और दुग्ध से भगवान शिव का अभिषेक किया। एकादश ज्योर्तिलिंग भगवान केदारनाथ में हेली सेवा के माध्यम से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। उत्तरकाशी में बाबा विश्वनाथ, चमोली में गोपीनाथ, हरिद्वार में दक्ष प्रजापति, श्रीनगर में कमलेश्वर महादेव, पौड़ी में क्यूंकालेश्वर महादेव, टिहरी में ओणेश्वर महादेव, देहरादून में टपकेश्वर महादेव में इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गंगा घाटों पर पुलिस के कड़े इंतजाम किए थे। नदी तटों पर जल पुलिस भी तैनात की गई थी।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल उत्तरकाशी, चमोली और बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। इस बीच, प्रदेश में आज आमतौर पर बादल छाए रहे। राज्य के कुछ स्थानों में हल्की बारिश और कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश भी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने मौसम की गतिविधियों के संबंध में जानकारी साझा की है।

## नशा मुक्त भारत अभियान

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आज पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा लेने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज नई दिल्ली में शपथ दिलाई। इस वर्ष नशा मुक्त भारत अभियान का विषय– "विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र" है।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक 11 करोड़ लोग इस अभियान का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय कैडेट कोर, नेहरू युवा केंद्र संगठन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों के छात्रों और संकायों सहित देशभर से एक करोड़ से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2020 में 15 अगस्त को नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया था और पिछले साल अगस्त से इसे देशभर के सभी जिलों में लागू किया गया।

आपदा प्रबंधन

प्रदेश के सरकरी विद्यालयों में कक्षा एक से बारहवीं तक आपदा प्रबंधन की पढ़ाई सत्र 2025–26 से शुरू की जाएगी। इसके लिए एस०सी०ई०आर०टी, आपदा प्रबंधन और राहत–बचाव के तरीकों को केंद्रित करते हुए पुस्तकों का खाका तैयार कर रही है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की शोध निदेशक वंदना गर्ब्याल ने बताया राज्य में पिछले दो वर्षों से लगातार आपदा की घटनाओं के बाद सरकार ने राजकीय स्कूलों में आपदा प्रबंधन विषय को लागू करने का निर्णय लिया है।

बैठक आयोजन

चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में आज मिशन अमृत सरोवर को लेकर बैठक आयोजित हुई। इसमें जिले के अमृत सरोवरों को उपयोगी और जीवंत बनाने के लिए विभागों को आवंटित करने पर विचार विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वर्तमान स्थिति के आधार पर अमृत सरोवरों का उनकी उपयोगिता के आधार पर सर्वेक्षण कराया जाए। विभागों से परामर्श करते हुए इसकी बेहतर उपयोगिता के आधार पर संबंधित विभागों को आवंटित की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।

परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि जिले में 87 अमृत सरोवर बनाए गए है, जिसमें 74 ग्राम्य विकास विभाग और 13 वन विभाग के माध्यम से बनाए गए है। इन अमृत सरोवरों को उपयोगी और जीवंत बनाने के लिए विभागों को आवंटित किया जाना है। ताकि विभाग अपनी योजनाओं से इन अमृत सरोवरों को अधिक उपयोगी बना सके।

..........